मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 70 ■ रविवार, 26 मई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कांस में अनासुया सेनगुप्ता को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

# कंपनी का मालिक गिरफ्तार

## डोंबिवली ब्लास्ट में मृतकों की संख्या 14 हुई, 60 घायल

- डोंबिवली ब्लास्ट की जांच क्राइम ब्रांच को
- कंपनी मालिक मलय मेहता 29 तक रिमांड में
- अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी मामला दर्ज



**कल्याण.** डोंबिवली में अमुदान केमिकल कंपनी में हुए विस्फोट के मामले में ठाणे पुलिस की आपराधिक जांच शाखा ने शुक्रवार को कंपनी के मालिक मलय मेहता को गिरफ्तार कर लिया. कंपनी मालिक मलय मेहता को 29मई तक पुलिस रिमांड में लिया गया है. उनकी मां मालती मेहता को पुलिस ने पूछताछ के लिए नासिक से हिरासत में लिया है। अमुदान केमिकल्स कंपनी में हुए ब्लास्ट मामले की जांच उल्हासनगर क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दी गई है. कंपनी में विस्फोट के बाद मानपाड़ा थाने में मालिक मलय मेहता, उनकी मां मालती मेहता समेत कंपनी के अन्य अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था. मामले की समानांतर जांच ठाणे अपराध शाखा के विशेष कार्रवाई बल और जबरन वसूली विरोधी दस्ते द्वारा चल रही थी। अपराध जांच शाखा की टीम को सूचना मिली थी कि मलय मेहता कोर्ट की कार्यवाही के लिए कोर्टनाका इलाके में आ रहे हैं. इसी के तहत शुक्रवार को वहां जाल बिछाया गया। उनके पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. इस बीच, पुलिस उपायुक्त पराग मनेरे ने बताया कि घटना में अन्य दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी.

### कंपनी परिसर में मिल रहे मानव शरीर के अवशेष

डोंबिवली में अमुदान कंपनी में विस्फोट की घटना को 45 घंटे हो गए हैं। इस घटना में अब तक 14 लोगों की मौत की खबर है. घटनास्थल पर अभी भी मानव अवशेष मिल रहे हैं। सर्च ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ के जवानों को कई मानव अवशेष मिले हैं. कुछ अवशेष मलबे के नीचे और कुछ पास की कंपनियों में पाए गए। इसके चलते पूरे दिन सर्च ऑपरेशन जारी रखने का फैसला लिया गया. इतना ही नहीं, एक कंपनी में रात में दो बार छोटी-मोटी आग भी लग गई, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे आगे कोई अनहोनी होने से बच गई। गुरुवार से ही सर्च ऑपरेशन शुरू हो चुका है और अभी भी जारी है. गुरुवार की रात जब मुख्यमंत्री घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक बचाव दल ने कंपनी से कुल पांच श्रमिकों के शव निकाले



थे। इनमें दो महिलाएं और तीन अज्ञात कर्मचारी शामिल हैं। मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत में इसका जिक्र है. जब तक मुख्यमंत्री मौके पर पहुंचे, कंपनी परिसर में तीन और शव मिले। मरने वालों की संख्या आठ बताई गई है. अब इस जगह पर खोज का काम चल रहा है और लगातार इंसानों के शवों के अवशेष मिल रहे हैं।

### शनिवार को 4 घंटे बंद रहा तलाशी अभियान





डोंबिवली एमआईडीसी अमुदान कंपनी में हुए विस्फोट में अब तक 14 लोगों के मरने की खबर है. शनिवार सुबह सर्च ऑपरेशन के दौरान एक शव और कुछ मानव अवशेष मिले. दोपहर में तलाश बंद कर दी गई। चार घंटे बाद भी लापता नागरिकों की तलाश शुरू नहीं हुई तो परिजनों ने हंगामा किया. आखिरकार परिजनों का दबाव पड़ा तो फिर से तलाश शुरू की गयी. इसके बाद वहां एक शव मिला.

### ■ शुक्रवार को भी मिले थे मानव अवशेष

शुक्रवार सुबह रेस्क्यू टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने के बाद कंपनी परिसर में हुए विस्फोट से उड़े श्रमिकों के विभिन्न अवशेषों को पांच कंटेनरों में पालिका शास्त्रीनगर अस्पताल लाया गया। ठाणे क्राइम ब्रांच ने अवशेषों से भरी इन पांच बोरियों का मतलब पांच मजदूरों के शव मानकर मरने वालों की संख्या 13 बताई है. हालांकि अभी भी शवों के अवशेष मिल रहे हैं. कितनी मौतें? इस बारे में कुछ भ्रम होने जैसा लगता है।

### ■ 2 दिन बाद भी तलाशी अभियान जारी

विस्फोट के 2 दिन बाद भी डोंबिवली में कंपनी के उस परिसर और उसके आसपास तलाशी अभियान जारी है जहां विस्फोट हुआ था. एनडीआरएफ के जवानों को मलबे के नीचे और कंपनी की छतों पर शवों के अवशेष मिल रहे हैं। किसी के हाथ तो किसी के पैर के अवशेष मिल रहे हैं. इसलिए पूरे दिन सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा. जांच पूरी होने के बाद ही इस घटना में मरने वालों की संख्या स्पष्ट हो सकेगी.

## अंबरनाथ दर्गा के सामने कचरे का ढेर



- 3 दिनों उठाया नहीं जा रहा कचरा
- उर्स में आने वाले हजारों लोगों का स्वास्थ्य खतरे में

⏭ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में हजरत गैबनशाह वली दर्गा का गत तीन दिनों से उर्स कार्यक्रम चल रहा है. उर्स में आनेवाले हजारों शहरवासियों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है. यहां पर दर्गा के सामने और पीछे गत 3 दिनों से कचरा उठाया नहीं गया है. जिसके कारण मक्खी, मच्छर, बदबू का साम्राज्य है. हजारों शहरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है. ये कचरा दर्गा के समक्ष चिंचपाड़ा रास्ते पर एवं कोहोजगांव चौक से पहले मिलिंद पाटिल के कार्यालय के पास दर्गा के पीछे तीन दिनों से पड़ा हुआ है. मिलिंद पाटिल कार्यालय के पास किसी ने उर्स में छोटा धंधा लगाने के लिए एक मंडप लगाया है. उसी मंडप में कचरे का ढेर जमा है. सलीम चौधरी और उर्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. जुबेर शाह ने नपा स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एवं मुख्याधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की है. इन दोनों स्थानों का कचरा जल्द से जल्द उठाने की मांग की गई है. दर्गा के पास ही वह भी उर्स के दिनों में कचरा ना उठाने से दर्गा के चाहने वालों में भी रोष देखा जा रहा है.

### पूरा कचरा नपा कार्यालय में ले जाकर फेकेंगे -सलीम चौधरी





मुस्लिम जमात अध्यक्ष हाजी सलीम चौधरी ने नपा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई बार फोन करके कचरे का ढेर उठाने के लिए कहा है, लेकिन उनकी सुनवाई ना होने से मुस्लिम समाज में रोष फैलता जा रहा है. चौधरी ने कहा है कि अगर ये कचरा उठाया नहीं गया तो ये कचरा ट्रक में डालकर वह और उनके कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय के आंगन में फेकेंगे.

## अंततः नालों की सफाई शुरू, सड़कें कब बनेंगी?

- जल्द होगी मानसून की दस्तक
- शहर की ज्यादातर सड़कें खस्ताहाल
- हर साल नाम की नाला सफाई
- बारिश के बावजूद आखिरकार शुरू हुई नालों की सफाई
- 15 जून तक नालों की सफाई



**उल्हासनगर.** मानसून शुरू होने के बावजूद नाले की सफाई शुरू नहीं होने से शुरू हुई आलोचना के बाद महानगर पालिका ने शुक्रवार से बड़े नाले की सफाई शुरू की. नालों की सफाई 15 जून तक जारी रहेगी और आयुक्त अजीज शेख ने नाले से निकाली गई गाद को तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं.

उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने जेसीबी मशीन की पूजा की. जेसीबी और पोखलान मशीनों से बड़े 38 नालों की सफाई की जाएगी. शहर के अंदर छोटे नाले की सफाई ठेका मजदूरों से करायी जायेगी. कैंप नंबर-3 स्थित कैंब्रिज शोरूम के पास बड़े नाले की सफाई शुरू की गई है. उन्होंने वालधुनी नदी, खेमानी नाला, गुलशननगर नाला, गायकवाड़ पाड़ा नाला आदि बड़े नालों की सफाई शुरू करने के संकेत दिये.



नाला सफाई अभियान के दौरान मनपा आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त सुभाष जाधव, सहायक सार्वजनिक अधिकारी मनीष हिवरे, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे. साथ ही कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग और ठेकेदार को तत्काल हटाए गए कीचड़ को उठाने का निर्देश दिया है. आयुक्त अजीज शेख ने संकेत दिया है कि 15 जून से पहले नालों की सफाई हो जायेगी.

### एक ही ठेकेदार को क्यों लिया जाता?

हर साल एक ही ठेकेदार को क्यों काम दिया जाता है जबकि उसके विरुद्ध शिकायत रही है कि नाला सफाई न होने से हर वर्ष पानी नालों से निकालकर सड़कों पर आता है। शहर में रास्तों की हालत भी खस्ता है उस अभी भी मनपा के पास उपाय योजना नहीं है। अब देखना है कि बरसात पूर्व की मनपा तैयारी कितनी कारगर साबित होती है।

## करंट लगने से मजदूर घायल

- बिल्डिंग पर प्लास्टिक बैग लगाते हुआ हादसा
- बिजली आपूर्ति ठप्प रही



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 स्थित डर्बी होटल के पास एक इमारत पर प्लास्टिक बांधने का काम कर रहे मजदूर को बिजली टाटा पावर की मेन लाइन से करंट लगा जिससे वो गंभीर रूप से घायल हुआ है। मिली जानकारी अनुसार बारिश से बजाव हेतु एक इमारत में प्लास्टिक लगाने का काम सहदेव मोठगडे को मिला उसने शुक्रवार दोपहर 1. 0 बजे इमारत में प्लास्टिक लगानी शुरू की कि पास में बिजली की हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर है। शहरवासियों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## अंबरनाथ में कब होगी नाला सफाई?

- बारिश सर पर, अभी तक नाला सफाई शुरू नहीं

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में नगर परिषद के हद में नाला सफाई की शुरूआत अभी तक नहीं की गई है. जबकि मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि इस वर्ष मानसून जल्द आएगा. नाला सफाई बरसात शुरू होने के बाद करने का अंदाज है, जिसके कारण शहर पूर्व और पश्चिम के घरों में एवं सड़कों पर पानी भर जाने की आशंका है. अंबरनाथ में कई बड़े नालों में कचरा भर गया है. डीएमसी का नाला पूरी तरह कचरे से भरा हुआ है. इसका पानी बरसात में बाहर आने से रेल की पटरियों पर पानी भरकर मध्य रेल की ट्रेनें बंद हो सकती है. बांगड़ी गली के नाले में भी मार्केट का कचरा भरा है. इस नाले को अगर जल्द साफ नहीं किया गया तो बांगड़ी गली, स्टेशन रोड पर नाले का पानी भर सकता है. स्वामी नगर नाले का भी यही हाल है. गांव देवी मंदिर के नाले में भी कचरा भरा हुआ है. नपा प्रशासन द्वारा गत वर्ष भी नाला सफाई देरी से शुरू होने के कारण केबी सड़क पर पानी भर गया था. इस वर्ष तो एक और कंपनी ने मनमानी करते हुए नाले का रुख केबी सड़क के पास कर दिया है. मुख्याधिकारी चुप हैं. कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. इस वर्ष बरसात ज्यादा होने का अनुमान मौसम विभाग ने लगाया है. नपा प्रशासन द्वारा देरी से नाला सफाई किए जाने से शहर में हाहाकार मच सकता है. नाला सफाई पर स्वास्थ्य विभाग को ध्यान देना चाहिए और नाला सफाई का काम जल्द शुरू कर देना चाहिए. ऐसी मांग शहरवासी कर रहे हैं.

## उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने की आपातकालीन संयुक्त बैठक



**उल्हासनगर.** मानसून के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आयुक्त अजीज शेख ने शुक्रवार को अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाई. बैठक में मनपा अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस अधिकारी, यातायात पुलिस विभाग, निर्माण विभाग, एमएमआरडीए, एमआईडीसी, बीएसएनएल, महावितरण आदि उपस्थित थे।

उल्हासनगर मनपा द्वारा गठित आपदा प्रबंधन समिति की एक संयुक्त बैठक शुक्रवार को आयुक्त अजीज शेख द्वारा आयोजित की गई थी। बैठक में महानगर पालिका, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस, आरटीओ, एमएमआरडीए, बीएसएनएल, एमआईडीसी, एमएसईबी, स्वास्थ्य विभाग, केंद्रीय अस्पताल, अग्निशमन विभाग आदि के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मनपा प्रभाग समिति में आपदा निवारण नियंत्रण कक्ष की स्थापना, नालों की सफाई का काम पूरा करने, एमएमआरडीए और कंस्ट्रक्शन अकाउंट के माध्यम से चल रहे शहर की सभी सड़कों के काम को पूरा करने, सड़कों के गड्ढों को भरने, महावितरण, अग्निशमन विभाग के काम को पूरा करने का निर्णय लिया गया. साथ ही मानसून से पहले उक्त पेड़ों का सर्वेक्षण कर खतरनाक पेड़ों की पहचान की जाएगी।

मनपा सहायक आयुक्तों ने खतरनाक इमारतों को नोटिस जारी कर बेदखली समेत अन्य बेदखली की घटनाओं की समीक्षा की गई. साथ ही डेंगू और मलेरिया जैसी महामारी को नियंत्रित करने के लिए एक तंत्र स्थापित करना। कमिश्नर ने अग्निशमन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को खतरनाक पेड़ों, ड्रेनेज लाइन आदि को काटकर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया।

मनपा आयुक्त अजीज शेख द्वारा बुलाई गई बैठक में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त किशोर गावस, डॉ. सुभाष जाधव, केंद्रीय अस्पताल के जिला सर्जन डॉ. मनोहर बनसोडे, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, अग्निशमन अधिकारी बालू नेटके, वार्ड अधिकारी गणेश शिंपी, दत्तात्रेय जाधव, अनिल खतुरानी, मनीष हिवरे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहिनी धर्मा, वाहन एवं परिवहन प्रमुख विनोद केने, आपदा प्रबंधन प्रमुख, यशवंत सगले, लोक निर्माण विभाग, दीप्ति पवार पर्यावरण विभाग प्रमुख विशाखा सावंत और अन्य उपस्थित थे।

## मनपा आयुक्त अजीज शेख बनेंगे कलेक्टर



- रिटायरमेंट से पहले मिली खुशखबरी!


**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। इससे पहले अच्छी खबर आई है. रिटायरमेंट से पहले उन्हें आईएएस पद पर प्रमोट कर दिया गया है. उन्हें दो साल तक सरकारी सेवा मिलेगी. उन्हें हर स्तर से बधाई दी जा रही है.

उल्हासनगर महानगर पालिका आयुक्त के रूप में अजीज शेख की नियुक्ति के बाद, उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित किया और मनपा में काम करने के तरीके को बदल दिया। उनके दो वर्षों के दौरान सिंधु भवन, मनपा अस्पताल, उल्हास घाट का निर्माण हुआ है। साथ ही एमएमआरडीए के तहत 150 और 99 करोड़ की निधि से सड़कें और अन्य विकास कार्य, 426 करोड़ की भूमिगत सीवरेज योजना, 123 करोड़ की जलापूर्ति योजना लागू की गई है. साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों की संख्या कम होने के बावजूद मनपा प्रशासन सफलतापूर्वक चल रहा है. आईएएस के रूप में चयनित होने के बाद उन्हें 2 साल की सरकारी सेवा मिलेगी। 31 मई को सेवानिवृत्त होने से बाद 1 जून से कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने की चर्चा है.

## 10वीं का रिजल्ट 27 मई को होगा जारी

**मुंबई.** महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं का परिणाम 27 मई को जारी किया जाएगा। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एमएसबीएसएचएसई) ने एक आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर रिजल्ट की तारीख का ऐलान कर दिया है। बोर्ड के ऑफिशियल नोटिफिकेशन के मुताबिक, महाराष्ट्र 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 27 मई 2024, सोमवार को सुबह 11 बजे घोषित किया जाएगा। रिजल्ट की घोषणा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से होगी।

जिन स्टूडेंट्स ने इस साल 10वीं की परीक्षा दी है वह बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट mahahsscboard.in और mahresult.nic.in पर जाकर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इन वेबसाइट्स के अलावा स्टूडेंट्स



sscresult.mkcl.org, और results.digilocker.gov.in पर भी परिणाम देख सकते हैं। इन वेबसाइट्स पर स्टूडेंट्स अपने रोल नंबर और रोल कोड का इस्तेमाल करके स्कोरकार्ड चेक कर सकते हैं।

### स्टूडेंट्स के लिए 1 बजे एक्टिव होगा लिंक

बता दें कि बोर्ड के अधिकारी 10वीं के रिजल्ट की घोषणा 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करेंगे, लेकिन स्टूडेंट्स के लिए ऑफिशियल वेबसाइट्स पर परिणाम का लिंक 1 बजे एक्टिव किया जाएगा। इस साल महाराष्ट्र बोर्ड 10वीं की परीक्षा 1 मार्च से 26 मार्च के बीच आयोजित हुई थी। करीब 17 लाख स्टूडेंट्स ने इस साल 10वीं के एग्जाम दिए थे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी। पहली शिफ्ट सुबह 11 बजे से दोपहर 2:10 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 5:10 बजे तक थी।

## कालीमाता मंदिर से 12 तोला आभूषण चोरी

- सुरक्षा गार्ड ही निकला चोर

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर- 5 स्थित कालीमाता मंदिर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करने वाले ने अपने साथी की मदद से मंदिर में देवीमाता की मूर्ति पर चढ़ाए गए 12 तोला चोरे के आभूषण चुरा लिए. इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. मिली



जानकारी के अनुसार उल्हासनगर- 5 के कुर्ला कैंप इलाके में प्रसिद्ध कालीमाता मंदिर है. यहां रमेश थापा उर्फ रमेश रावल नाम का युवक तीन दिन पहले इस मंदिर में सुरक्षा गार्ड के तौर पर कार्यरत किया गया था. इसी बीच आज तड़के करीब तीन बजे रमेश ने अपने साथी की मदद से कालीमाता मंदिर के देवीमाता की मूर्ति के करीब 12 तोला आभूषण चुरा लिए और भाग गया। इस घटना की जानकारी जैसे ही विट्ठलवाड़ी पुलिस को मिली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल सहित एक टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा किया और आरोपियों की तलाश के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता। – महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

# फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता

जिस दौर में इजराइल और हमास के बीच का संघर्ष अपने सबसे तीखे चरण में चल रहा है, उसमें तीन यूरोपीय देशों की ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से एक बेहद अहम घटनाक्रम है। माना जाता है कि चूंकि अमेरिका इजराइल के साथ आमतौर पर खड़ा दिखता है, इसलिए इसका असर यूरोप पर भी होता रहा है।

यही वजह है कि ज्यादातर यूरोपीय देश फिलिस्तीन के खिलाफ इजराइल के आक्रामक रवैये के बावजूद या तो चुप रहने या फिर नरम रुख अख्तियार करने का रास्ता अपनाते हैं। ऐसे में स्पेन, नार्वे और आयरलैंड की ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा निश्चित रूप से नए समीकरण खड़े कर सकता है। इस फैसले से इजराइल का परेशान होना स्वाभाविक है, क्योंकि फिलहाल उसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत महसूस हो रही है। यही वजह है कि उसने इन तीनों देशों के रुख को आतंकवाद को पुरस्कृत करना बताते हुए वहां से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इस मसले पर नार्वे ने साफ कहा कि अरब शांति योजना के लिए फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना जरूरी है। स्पेन और आयरलैंड ने भी इस कदम का उद्देश्य इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को द्वि-राष्ट्र समाधान के जरिए हल करने में मदद करना बताया है। गौरतलब है कि इजराइल पर हमास के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर इजराइल के प्रति सहानुभूति का रुख सामने आया था।

मगर उसके बाद इजराइल के बेलगाम हमले और उसमें पैंतीस हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी आम लोगों के मारे जाने के बाद अब उसके प्रति समर्थन में तेजी से कमी आ रही है। ऐसे में इजराइल का पक्ष लेने के बजाय अगर स्पेन, नार्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना तय किया है तो यह एक तरह से इजराइल के रवैये पर सवाल उठाना भी है।

हालांकि इससे वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्वीकार किए जाने के मामले में फिलिस्तीन की राह के रोड़े खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन इतना तय है कि स्पेन, नार्वे और आयरलैंड के ताजा रुख से यूरोप के कुछ अन्य देशों पर भी फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करने का दबाव बढ़ेगा।

# क्या दक्षिण से भाजपा को कुछ मिलेगा?

दक्षिण भारत में राजनीतिक विवाद बहुत ज्यादा हैं। दक्षिण भारत के राजनीतिक दलों में एक सामान्य प्रवृत्ति नई दिल्ली के खिलाफ है, खासकर भाजपा के, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्रमुक का मुकाबला करने के लिए भाजपा का जनाधार बढ़ाने पर काफी जोर दिया है। वह पहली बार के मतदाताओं के जेहन में अलगाववादी सोच और क्षेत्रवाद के खिलाफ राष्ट्रवाद की भावना लाना चाहते हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री मोदी सांस्कृतिक पुनरुत्थान लाना चाहते हैं। दक्षिण भारत की छह राजनीतिक पार्टियों ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ बहुत ज्यादा अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

अब दक्षिण भारत में चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है और लोग बेसब्री से चार जून को आने वाले नतीजे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दक्षिण भारत की राजनीति में छह क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व है-द्रमुक, अन्नाद्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगू देशम, जनता दल (एस) और भारत राष्ट्र समिति। भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों की स्थिति वहां नगण्य है। हालांकि कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस का शासन है। इससे पहले भाजपा ने तीन बार कर्नाटक की सत्ता संभाली है। फिलहाल भाजपा पुदुचेरी में सरकार में शामिल है।

द्रमुक ने प्रधानमंत्री मोदी का डटकर विरोध किया है। असल में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन डरे हुए हैं। वर्ष 2014 में कांग्रेस को पूरी तरह ध्वस्त करने के बाद नरेंद्र मोदी ने द्रविड़ राजनीति को खत्म करने की भविष्यवाणी की



थी। हालांकि वर्ष 2019 में द्रमुक ने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के रूप में पेश किया था, लेकिन इस बार राहुल के वायनाड चुनाव में द्रमुक ने राहुल गांधी के लिए प्रचार नहीं किया।

अन्नाद्रमुक राजग (एनडीए) गठबंधन से बाहर हो गई है। मोदी ने एक ही झटके में अन्नाद्रमुक नेता एडापट्टी पलानीस्वामी के महत्व को कम कर दिया और एमके स्टालिन को ही अपना मुख्य विरोधी माना। मोदी के बार-बार तमिलनाडु दौरे पर जाने पर भी द्रमुक ने आपत्ति जताई। आंकड़े बताते हैं कि जबसे लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई है, प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण के छह राज्यों की 64 बार यात्रा की है।

दक्षिण भारत में साक्षरता दर ज्यादा है। शायद यही कारण है कि मतदाता राहुल गांधी को मनोरंजनकर्ता के रूप में लेते हैं। राजनेता किसी नीति के बगैर अनाप-शनाप बातें करते हैं। जैसा कि राहुल गांधी ने हैदराबाद में कहा कि वह गरीबों के खाते में एक लाख रुपये खटा-खट भेजेंगे। कांग्रेस इतने पैसे का इंतजाम कैसे करेगी? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मोदी की तुलना नवीन पटनायक से करते हुए कहा कि नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

ओडिशा में नवीन पटनायक के उत्तराधिकारी के रूप में वीके पांडियन का उभार हो, या अरविंद केजरीवाल का शराब घोटाले में दक्षिण लॉबी से गठजोड़ हो या रायबरेली से चुनाव लड़कर राहुल गांधी का वायनाड की जनता को अंधेरे में रखना हो, ये सब दक्षिण में चर्चा के मुद्दे रहे हैं।

भाजपा ने जगन रेड्डी पर हिंदुओं को ईसाई बनाने का आरोप लगाया। केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने कहा कि वायनाड से राहुल गांधी को हराया जाना चाहिए। इधर यौन शोषण मामले में वांछित जनता दल (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना को पकड़ने का दबाव बढ़ रहा है, जो फरार हैं। इस मामले में कांग्रेस जान-बूझकर भाजपा पर दोष मढ़ रही है, जबकि नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा है कि रेवन्ना को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा के लिए दक्षिण भारत के छह राज्य महत्वपूर्ण हैं। भले ही कांग्रेस की कर्नाटक एवं तेलंगाना में सरकार है, लेकिन उसके लिए भी यह आसान नहीं है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और पुदुचेरी में लोकसभा की कुल 130 सीटें हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब कोई क्रोधित व्यक्ति देखता है कि हम शांत हैं, तो वो अपने क्रोध के साथ अकेला रह जाता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# चुनाव में राजनीतिक हिंसा

पश्चिम बंगाल में यह रिवायत जैसी बन गई है कि अगर वहां कोई भी चुनाव होना है तो हिंसा उसका एक पक्ष होगी! हैरानी की बात है कि वर्षों से लगातार यह स्थिति बदस्तूर कायम है, मगर इस पर लगाम लगाने के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है, सरकारों और संबंधित महकमों की ओर से कभी सख्त कदम नहीं उठाए गए। यह बेवजह नहीं है कि आज भी बहुत छोटी-सी चिंगारी से वहां हिंसा अक्सर भड़क जाती है और उसमें नाहक ही आम लोग मारे जाते हैं। फिलहाल पश्चिम बंगाल में लोकसभा के लिए अलग-अलग चरणों में चुनाव चल रहा है। इस बीच कई बार हिंसा भड़की और वह किसी तरह संभाली जा सकी। अब छठे चरण का चुनाव होने से पहले नंदीग्राम में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच हिंसक संघर्ष शुरू हो गया।

इसमें एक महिला की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हुए। बुधवार की रात हुई इस हिंसा और हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस और भाजपा ने एक दूसरे पर आरोप लगाया, मगर इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि तमाम चिंता के बावजूद वहां चुनावी हिंसा को रोक पाना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के जिस नंदीग्राम इलाके में ताजा हिंसा हुई है, वहां कुछ दिन पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। मगर न तो राज्य सरकार ने अपनी ओर से इसे सुलझाने में रुचि दिखाई, न चुनाव आयोग को सुरक्षा व्यवस्था पर पर्याप्त ध्यान देना जरूरी लगा। नतीजतन, पहले से ही सुलग रही आग विवाद के बाद भड़क गई और इसमें एक महिला की मौत हो गई।

इस हिंसा के नतीजे में फैली अराजकता और हालात बिगड़ने के बाद



केंद्रीय बलों की तैनाती की गई। सवाल है कि इस तरह की हिंसा कभी भी भड़कने की आशंका बने रहने के बावजूद सरकार और चुनाव आयोग की ओर से समय रहते सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं किए गए। इतने लंबे चरणों में चुनाव कराने के बाद भी हिंसक घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाना क्या दर्शाता है? विडंबना यह है कि इस तरह की कोई घटना जब तक तूल नहीं पकड़ लेती है, तब तक संबंधित महकमों की नींद नहीं खुलती। फिर जब तक ये सक्रिय होती हैं, तब तक जानमाल का नुकसान हो चुका होता है। अफसोसनाक यह है कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा मानो वहां की संस्कृति बन चुकी है। शायद ही ऐसा कोई चुनाव होता होगा, जिसमें जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई बहस आकार लेती हो और शांत या लोकतांत्रिक माहौल में मतदान संपन्न होता हो। वहां की राजनीति में सक्रिय मुख्य दलों को मुद्दा आधारित बहस खड़ा करने के बजाय अपना जनाधार खड़ा करने के लिए उकसावे और टकराव का रास्ता अपनाना शायद ज्यादा बेहतर लगता है।

आखिर इस तरह की अराजकता की राह की उम्र आखिर कितनी होती है और इससे कैसी राजनीतिक संस्कृति खड़ी होती है। ऐसे में न तो कभी लोकतंत्र का रास्ता मजबूत हो सकता है, न ही जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक विमर्श संभव है। हालत यह है कि स्वच्छ चुनाव और स्वतंत्र मतदान एक बड़ी चुनौती की तरह हो गई है।

बहुत कुछ इस बात पर निर्भर हो चला है कि किसी इलाके में किस समूह का वर्चस्व है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर हिंसा को ही राजनीतिक रूप से हावी होने का औजार बना लिया जाएगा, तो ज्यादा ताकतवर समूह हमेशा कमजोर लोगों के हक का हनन करेगा। ऐसे में लोकतंत्र की क्या गति होगी, समझा जा सकता है!

# दुनिया का सबसे ऊंचा बैल, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**जरा हट के**

सांडों को जब कैस्ट्रेट कर दिया जाता है, तो वो बैल बन जाते हैं. इन बैलों को खेत में जुताई या अन्य कामों के लिए प्रयोग में लाया जाता है. विदेशों में तो कैस्ट्रेट किए बैलों को मांस के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है. पर अमेरिका का एक बैल, सिर्फ इसी काम के लिए नहीं चर्चित है, वो अपने कद के लिए चर्चित है, जिसकी वजह से वो कोई मामली बैल नहीं है. रोमियो नाम का ये बैल दुनिया का सबसे ऊंचा बैल बन चुका है और अब तो इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है.



डेली स्टार न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के ऑरिगॉन में रोमियो नाम का एक बैल है. अगर ये बैल आपके सामने आकर खड़ा हो जाए, तो निश्चित रूप से आप डर से कांपने लगेंगे. वो इसलिए क्योंकि ये इतना विशाल है, कि लंबे-चौड़े व्यक्ति भी उसके सामने बच्चे जैसे लगेंगे. इस बैल की हाइट 194 सेंटीमीटर, यानी 6 फीट 4.5 इंच है. इसे 17 दिसंबर 2023 को खिताब से नवाजा गया था. रोमियो 6 साल का है और वेलकम होम एनिमल सैंक्चुरी में अपनी मालकिन मिस्टी मोर के साथ रहता है.

उसकी मालकिन का कहना है कि वो बहुत सीधा है, किसी को परेशान नहीं करता. मिस्टी की वजह से आज रोमियो जिंदा है. उसे एक डेरी फार्म से रेस्क्यू किया गया था. मिस्टी ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से बात करते हुए कहा कि डेरी इंडस्ट्री में गाय के नर बच्चों को सिर्फ बाय-प्रोडक्ट की तरह ही माना जाता है. उन्हें सिर्फ प्रॉफिट कमाने का जरिया समझा जाता है. तो मिस्टी ने सोचा कि वो रोमियो को अपने पास रखेंगी, और पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ेंगी, जो 6 फीट 1 इंच का था.

मिस्टी ने कहा कि जब भी वो रोमियो की आंखों में देखती हैं, तो उन्हें उम्मीद दिखती है और नजर आता है कि किसी के लिए छोटी सी मदद, दुनिया को बड़े स्तर पर बदलने के लिए काफी है. रोमियो इस बात का सबूत है कि इंसान और जानवरों के बीच कितने अच्छे संबंध होते हैं.

खाना-खजाना

# स्वादिष्ट लाहौरी आलू

आलू लगभग हर घर में बनाई जाने वाली सब्जी है, जिसका स्वाद कई लोगों को भाता है। हालांकि, हर बार एक ही तरह की सब्जी खाकर मन ऊब जाता है। ऐसे में अगर आप आलू की सब्जी में स्वाद का तड़का लगाना चाहते हैं, तो इस बार लाहौरी आलू ट्राई कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- 9-10 छोटे आलू
- 2 बड़ घिसी हुई प्याज
- 1.5 बड़े चम्मच अदरक-लहसुन-मिर्च का पेस्ट
- 2-3 टमाटर की प्यूरी
- 1/2 कप दूध
- 2-3 बड़े चम्मच सरसों का तेल
- 1 तेज पत्ता
- 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- धनिया पत्ती गार्निश के लिए
- पेस्ट के लिए
- 4- 5 कश्मीरी लाल मिर्च फूली हुई
- 2 बड़े चम्मच जीरा
- धनिया के बीज
- 6 लौंग
- 2-3 भिगोए हुए छोटे चम्मच खसखस
- 2 छोटे चम्मच सौंफ के बीज
- 3-4 बड़े चम्मच
- सूखा नारियल पाउडर



**विधि :**

आलू को थोड़े से नमक के साथ उबालने से शुरुआत करें। इस बीच, बताई गई सामग्री से एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और इसमें एक तेज पत्ता डालें। इसमें प्याज डालें और पारदर्शी रंग होने तक पकाएं। फिर इसमें अदरक-लहसुन-मिर्च का पेस्ट डालें और कच्चेपन की महक खत्म होने तक पकाएं। बाद में इसमें टमाटर, नमक और हल्दी पाउडर डालें और अच्छी तरह पकाएं। फिर इसमें पेस्ट डालें और फिर से तेल छोड़ने तक पकाएं। इसके बाद आलू डालें और मसाले से अच्छी तरह लपेट लें। पांच मिनट तक भूनें। अब इसमें दूध डालें और धीमी आंच पर उबालें। जब यह आधा गाढ़ा हो जाए, तो नमक मिलाएं और धनिये की पत्तियों से गार्निश कर गर्म - गर्म परोसें।

# आज का राशिफल

**मेष :** सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृषभ :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मिथुन :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। नकारात्मकता हावी रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। बात बिगड़ सकती है।

**सिंह :** आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। नौकरी में मनोनुकूल स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी।

**कन्या :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शारीरिक कष्ट संभव है।

**तुला :** प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं। फालतू बातों पर ध्यान न दें। लाभ में वृद्धि होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक :** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। वस्तुएं गुम हो सकती हैं।

**धनु :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें।

**मकर :** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में लापरवाही न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। यश बढ़ेगा। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है या समय पर नहीं मिलेगी।

**मीन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार-व्यवसाय की गति बढ़ेगी। चिंता रह सकती है। थकान रहेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# अपनी त्वचा के मुताबिक करें सही सनस्क्रीन का चयन

## तेज धूप और गर्मी का नहीं होगा असर

सूरज की हानिकारक किरणों ने धरती तप रही है। तेज गर्मी के साथ लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि तेज कड़क धूप में भी जरूरी कामों के लिए घर से निकलना जरूरी होता ही है। ऐसे में त्वचा को एक्स्ट्रा पोषण और सुरक्षा कवच देना जरूरी हो जाता है। पूरी बांहों के कॉटन के कपड़ों से लेकर सनग्लासेस जैसे साधन सहायता करते हैं लेकिन सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव में कारगर होता है 'सनस्क्रीन'। एक अच्छा सनस्क्रीन त्वचा पर सुरक्षा की परत चढ़ाता है। इससे घातक किरणों से तो त्वचा सुरक्षित होती ही है, त्वचा के लिए जरूरी नमी और पोषण भी मिल सकता है। लेकिन क्या कोई भी सनस्क्रीन त्वचा पर अप्लाई की जा सकती है? क्या सनस्क्रीन को लेकर भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है? कैसे चुनें सही सनस्क्रीन? जानिए गर्मी में त्वचा को सुरक्षित रखने वाली सनस्क्रीन से जुड़े इन सवालों के जवाब।

## सनस्क्रीन क्यों लगाना चाहिए?

केवल सूरज की हानिकारक किरणों के प्रभाव से त्वचा को ऊपरी तौर पर बचाने के लिए ही नहीं, सनस्क्रीन कई गम्भीर बीमारियों से भी बचाव में सक्षम होता है। यही कारण है कि गर्मी ही नहीं बल्कि हर मौसम में धूप में निकलते समय सनस्क्रीन लगाने की सलाह विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। यहां तक कि घर पर रहते हुए भी सनस्क्रीन लगाए रखने को कहा जाता है।



## सनस्क्रीन के इस्तेमाल में इन बातों का रखें ख्याल

सनस्क्रीन का उपयोग समय सीमा के हिसाब से किया जाना चाहिए। अगर आप 4 घंटे से ज्यादा समय के लिए घर से बाहर हैं तो आपको कम से कम 2 बार सनस्क्रीन की परत त्वचा पर अप्लाई करनी होगी।

-बाजार में कई तरह के सनस्क्रीन उपलब्ध होंगे। इसमें लोशन, क्रीम से लेकर पिल्स तक उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि आपकी त्वचा के हिसाब से आप पर कौन सा सनस्क्रीन सूट करता है। लोशन भी वॉटर और ऑइल बेस्ड दोनों तरह के हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि जब सनस्क्रीन खरीद रहे हों तो अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें। उदाहरण के लिए ऑइली त्वचा के लिए ऑइल बेस्ड लोशन ठीक नहीं होगा।

-सनस्क्रीन खरीदते समय प्रोडक्ट डिटेल्स जरूर पढ़ें। ऐसा सनस्क्रीन चुनें जो ज्यादा सुरक्षा देता हो, जैसे यूवीए के साथ यूवीबी किरणों से भी सुरक्षा देने वाला। ऐसे प्रोडक्ट्स ब्रॉड स्पेक्ट्रम प्रोडक्ट्स के अंतर्गत आते हैं। जिन में कई तरह की सुरक्षा परतें होती हैं।

-एसपीएफ यानी सन प्रोटेक्टिंग फैक्टर का 30 या इससे अधिक होना महत्वपूर्ण है। जितना अधिक एसपीएफ उतनी ज्यादा सुरक्षा। उदाहरण के लिए, एसपीएफ 15 वाला सनस्क्रीन करीब 93 प्रतिशत यूवीबी किरणों को त्वचा तक पहुंचने से रोक पाता है। जबकि एसपीएफ 30 का प्रयोग 97 प्रतिशत, एसपीएफ 50 का प्रयोग 98 प्रतिशत और एसपीएफ 100 का प्रयोग 99 प्रतिशत किरणों को फिल्टर कर पाता है। अर्थात 100 प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी तो कोई भी नही देता।

-विशेषज्ञों की मानें तो एसपीएफ 15 या इस से कम का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा सनबर्न से बचा सकता है। यह स्किन कैंसर व त्वचा पर असमय आने वाले उम्र के निशानों से बचाव में सक्षम नहीं होता।

# लैपटॉप चलाने वाले हो जाएं सावधान

वर्क फ्रॉम होम हो या कोई जरूरी मीटिंग, आजकल लोग बैग से सीधा लैपटॉप निकालकर गोद में रखकर ही काम करना शुरू कर देते हैं। हो सकता है आपकी भी ये आदत हो। लेकिन क्या आप जानते हैं लंबे समय तक गोद में लैपटॉप रखकर काम करने से आप अनजाने में ही अपनी सेहत को कितना बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं। भले ही, गोद में लैपटॉप लेकर बिस्तर पर काम करना आपको अच्छा लगता हो, लेकिन आपकी इस आदत में आपकी सेहत के लिए एक बड़ा खतरा छिपा है। आइए जानते हैं गोद में लैपटॉप रखकर इस्तेमाल करने से फर्टिलिटी ही नहीं अनिद्रा जैसी कौन सी अन्य समस्याओं को आप न्योता दे रहे हैं।



## नुकसान

## टोस्टेड स्किन सिंड्रोम

कई बार लैपटॉप से निकलने वाली गर्म हवा के कारण त्वचा में जलन की समस्या होने लगती है। जिसे टोस्टेड स्किन सिंड्रोम के नाम से जाना जाता है। बता दें, लैपटॉप से निकलने वाली हीट की वजह से त्वचा पर हल्के और ट्रांसिएंट रेड रैशेज हो जाते हैं। एक मेडिकल रिपोर्ट में पाया गया है कि लंबे समय तक त्वचा के बगल में लैपटॉप जैसे उपकरणों को रखने से असामान्य दिखने वाली त्वचा की स्थिति या लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के कारण दाने हो सकते हैं।

## कमर दर्द

गोद में लैपटॉप रखकर यूज करने और गलत मुद्रा में बैठने से व्यक्ति को कमर दर्द की समस्या हो सकती है। जिसका असर व्यक्ति की मेंटल हेल्थ पर भी पड़ता है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए लैपटॉप को डेस्क पर रखकर यूज करें।

## फर्टिलिटी पर बुरा असर

अमेरिकन सोसाइटी फॉर रिप्रोडक्टिव मेडिसिन द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि गोद में लैपटॉप रखकर यूज करने से प्रजनन क्षमता प्रभावित हो सकती है। बता दें, लैपटॉप से निकलने वाली गर्म हवा शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता को कम कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि लंबे समय तक गर्मी के संपर्क से अंडकोश का तापमान बढ़ सकता है।

## आई स्ट्रेन की समस्या

लैपटॉप पर लंबे समय तक काम करने से आंखों पर इसका असर पड़ सकता है, इसकी वजह से आपकी आंखों में खिंचाव, सूखापन या सिरदर्द की समस्या हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ, लैपटॉप के इस्तेमाल के वक्त पैरों को चिपकाकर बैठने से लैपटॉप की रेडिएशन सीधे शरीर पर पड़ती है। डिवाइस से निकलने वाली हीट आपको बीमार कर सकती है।

# अंडा खाने के साइड इफेक्ट्स

## सेहत को नुकसान

मेडी सर्किल में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, अंडे में साल्मोनेला नाम का बैक्टीरिया पाया जाता है। अंडे को अच्छी तरह उबालकर नहीं खाने पर यह बैक्टीरिया व्यक्ति के शरीर के भीतर प्रवेश करके सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

## किडनी पर बुरा असर

अंडे में प्रोटीन की प्रचूर मात्रा मौजूद होने की वजह से इसका किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है। यही वजह है कि किडनी रोगियों को इसका अधिक सेवन ना करने की सलाह दी जाती है।

## बढ़ सकता है वजन

अंडे का अधिक सेवन आपके वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। अगर आप अंडे की जर्दी जरूरत से ज्यादा खाते हैं, तो इसमें मौजूद फैट आपके वजन बढ़ने का कारण बन सकता है।

## पाचन

अगर आप पहले से ही पाचन संबंधी समस्याओं से परेशान रहते हैं तो भूलकर भी अंडे का अधिक सेवन ना करें। ऐसा करना आपकी समस्या को और ज्यादा बढ़ा सकता है। दरअसल, ऐसा इसलिए क्योंकि अंडा हैवी होता है और उसे पचने में समय लगता है। जिसकी वजह से गैस,बदहजमी की परेशानी बढ़ सकती है। इसके अलावा अंडे में मौजूद प्रोटीन गट हेल्थ को भी नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आपको पहले से ही डाइजेशन से जुड़ी समस्या रहती है तो अंडे का सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

## डायरिया

डायरिया यानी पेट खराब होने पर भी अंडों का सेवन नहीं करना चाहिए। अंडे की तासीर गर्म होती है, जो पेट खराब होने पर परेशानी को और बढ़ा सकता है।

## एलर्जी

कई लोगों को प्रोटीन के ज्यादा सेवन से एलर्जी होती है, ऐसे लोगों को भी अंडों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए। अंडे में प्रोटीन अच्छी मात्रा में पाया जाता है, जो एलर्जी की समस्या को बढ़ा सकता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मंदिर के घाट पर बने महिला चेंजिंग रूम के ऊपर लगा रखा था कैमरा, FIR के बाद महंत फरार

**गाजियाबाद.** गाजियाबाद जिले के मुरादनग में गंगनहर स्थित शनि मंदिर घाट परिसर में बने महिला चेजिंग रूम के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगाने का मामला सामने आया है। एक महिला ने इसकी शिकायत थाने में की है। आरोप है कि सीसीटीवी कैमरा महंत के मोबाइल से कनेक्ट था। इस घटना के बाद से महंत फरार है। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक महिला पुत्री के साथ गत 21 मई दोपहर करीब 3 बजे गंगनहर में स्नान करने के लिए आई थी। बताया जा रहा है कि नहाने के बाद महिला कपड़े बदलने के लिए घाट पर बने महिला चेजिंग रूम में चली गई। उसका आरोप है कि जब वह कपड़े बदल रही थी तो उसकी नजर सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी। महिला ने जल्द अपने कपड़े बदले और यह बात महंत मुकेश गोस्वामी को बताई। महिला का आरोप है कि यह बात बताने पर महंत ने उसके साथ अभद्रता की.

### सिपाही की काली करतूत, शादी का झांसा देकर युवती के साथ करता रहा सेक्स, बाद में मुकरा

**फिरोजाबाद.** जालौन जिले के उरई में तैनात मैनपुरी के कुरावली निवासी सिपाही ने फिरोजाबाद की युवती को प्यार के जाल में फंसा लिया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर उसके साथ होटलों में संबंध बनाता रहा। युवती ने शादी की बात की तो सिपाही और उसके परिवार वाले मुकर गए। मारपीट कर दी। शनिवार को युवती ने आरोपी सिपाही, उसके पिता और मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना उत्तर के कौशल्या नगर निवासी एक युवती की बहन की शादी मैनपुरी के कुरावली के गांव घरनाजपुर निवासी युवक के साथ हुई थी। बहन के जेठ अजयपाल का लड़का राहुल वर्तमान में जालौन के उरई के थाना गोहन में सिपाही के पद पर तैनात है। युवती अपनी बहन की ससुराल गई तो राहुल ने उससे दोस्ती कर ली। अलग-अलग फोन नंबरों से युवती से बात करता रहा। प्रेमजाल में फंसा लिया। फिरोजाबाद के साईंलॉज सेंट्रल चौराहा और पार्क इन होटल राजा का ताल में ले जाकर कई बार युवती के साथ दुष्कर्म किया।

### तीसरी शादी करने जा रहा था पति, बारात से पहले पहुंच गईं दोनों पत्नियां, फिर...

**झांसी.** झांसी जिले में शादी-बारात को लेकर एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। गुरुवार की देर रात पहली की मौत और दूसरी से तलाक बताकर तीसरी शादी रचाने जा रहे युवक की दो पत्नियों ने विवाह समारोह में पहुंचकर पोल खोल दी। पुलिस ने शादी रुकवा दी। धोखेबाज दूल्हे को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। समथर थाना क्षेत्र के गांव बसोवई निवासी विनय कुमार की बेटी दीपा की शादी जालौन के एट निवासी जीतेंद्र कुमार के साथ तय हुई थी। गुरुवार की रात बारात का इंतजार हो रहा था। विनीता व पूजा नाम की दो महिलाएं शादी समारोह में पहुंची और बताया कि वह दूल्हा बने जितेन्द्र की पहली और दूसरी पत्नियां हैं। यह सुन वधू पक्ष के लोगों के पैरों तले जमीन सरक गई।

# लैंड फॉर जॉब स्कैम वालों का काउंटडाउन शुरू -मोदी

## बिहार में कहा- लालटेनियों ने अपना घर रोशन किया; सभी शहजादे अब छुट्टी पर जाएंगे



**पटना.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 25 मई को पटना, काराकाट और फिर बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सुबह 11 बजे पटना के बिक्रम में रामकृपाल यादव के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि लालटेनियों ने पूरे बिहार को अंधेरे में रखा, सिर्फ अपने परिवार के लोगों को रोशनी पहुंचाई।

इसके बाद प्रधानमंत्री करीब डेढ़ बजे काराकाट पहुंचे। यहां उपेंद्र कुशवाहा के लिए उन्होंने वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने लालू और तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोगों का जेल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। हेलिकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जाएगा।

इसके बाद पीएम करीब 3 बजे बक्सर पहुंचे। यहां बीजेपी कैंडिडेट मिथिलेश तिवारी के समर्थन में उन्होंने सभा की। पीएम वे कहा कि आज की वोटिंग के बाद इंडी गठबंधन के गुब्बारे की सारी हवा निकल चुकी है। अब साफ दिखता है सारे शहजादों का शटर गिरने वाला है।

बिहार के शहजादे अब आराम से जमानत, अमानत का काम देखेंगे। कांग्रेस के शहजादे ने भी छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के शहजादे को सदमा लगने वाला है, उन्होंने कहा कि बनारस में मोदी चुनाव हारने वाला है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें INDI गठबंधन जीत रहा है। अब पता नहीं यह बार-बार साइकिल पंक्चर होने का सदमा है या कांग्रेस के शहजादे की संगत का असर है।

कांग्रेस देश को अपनी जायदाद समझती है। कहते हैं शहजादे ही इकलौते प्रधानमंत्री हैं। आरजेडी वाले कहते हैं 5 साल में 5 प्रधानमंत्री बनाएंगे। भ्रष्टाचार इनके अंदर इस तरह बैठा है कि ये उसे नोटों की गड्डी समझते हैं। देश को लूटो और आपस में बांट लेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने केजरीवाल की फोटो पोस्ट की

- वोटिंग पर कहा- नफरत की हार होगी
- दिल्ली CM का जवाब- अपना देश संभालिए

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के छठे फेज की वोटिंग के दौरान दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल ने शनिवार 25 मई की सुबह अपने परिवार के साथ दिल्ली में वोट डाला, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की। केजरीवाल की तस्वीर को फिर से पोस्ट करते हुए पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने लिखा- मैं कामना करता हूं कि शांति और सद्भाव से नफरत और उग्रवाद की ताकतों की हार होगी।

केजरीवाल ने फवाद चौधरी को जवाब देते हुए कहा- चौधरी साहब, मैं और मेरे देश के लोग अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपके ट्वीट की जरूरत नहीं है। इस वक्त पाकिस्तान के हालात बहुत खराब हैं। आप अपने देश को संभालें। भारत में हो रहे चुनाव हमारा आंतरिक मामला है। आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। केजरीवाल के जवाब देने के 7 मिनट बाद फवाद चौधरी ने फिर एक पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा- सीएम साहब! चुनाव प्रचार आपका अपना मुद्दा है, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप उग्रवाद के मुद्दे का जिक्र करें। चाहे वह पाकिस्तान में हो या भारत में, यह एक ऐसा मुद्दा है, जो सभी लिए खतरनाक है। इस मुद्दे से हर किसी को चिंतित होना चाहिए। पाकिस्तान में स्थिति बहुत खराब है, लेकिन लोगों को बेहतर समाज बनाने का प्रयास करना चाहिए। उधर, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- विदेशी फंडिंग लेने वाले अरविंद केजरीवाल का समर्थन पाकिस्तान कर रहा है, दिल्ली में चुनाव के दिन ही केजरीवाल के समर्थन में पाकिस्तान से बयान आना कोई इत्तफाक नहीं है। केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं और देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुके हैं। ये

## पुणे एक्सीडेंट केस-

# आरोपी के दादा को 3 दिन पुलिस कस्टडी

- पुलिस बोली- पोते को बचाने के लिए ड्राइवर का फोन छीना, कैद रखा



**पुणे.** पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पोर्श एक्सीडेंट केस में शनिवार (25 मई) को नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उसे 28 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। उस पर फैमिली ड्राइवर को बंधक बनाने का आरोप है। इस मामले में नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल भी आरोपी है। पुलिस ने उसे 21 मई को गिरफ्तार किया था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी के मुताबिक, 18-19 मई की रात हादसे के बाद आरोपी के दादा और पिता ने नाबालिग को बचाने के लिए ड्राइवर को फंसाने की प्लानिंग की थी। ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ IPC की धारा 365 (गलत तरीके से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

42 साल के ड्राइवर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि घटना के तुरंत बाद मुझे सुरेंद्र अग्रवाल का फोन आया। वह फोन पर पहले चिल्लाए। फिर अपनी BMW कार में जबरन बिठाकर मुझे अपने बंगले ले गए। वहां 19-20 मई तक कैद रखा।

ड्राइवर के मुताबिक, नाबालिग के पिता और दादा ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। उन्होंने हादसे का इल्जाम लेने के लिए पैसे का लालच दिया और कहा कि वे उसे जल्दी ही जेल से निकाल लेंगे। दोनों ने धमकी भी दी और कहा कि इस बारे में किसी से बात की तो याद रखना। मेरी पत्नी ने मुझे छुड़ाया।


**पुलिस कमिश्नर बोले- नाबालिग ही गाड़ी चला रहा था**

पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने शनिवार (25 मई) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ड्राइवर ने शुरू में बताया था कि वह कार चला रहा था। हालांकि, बाद में पुष्टि हुई कि नाबालिग ही कार चला रहा था। अगले हफ्ते तक आरोपी के ब्लड और DNA रिपोर्ट्स आने की उम्मीद है।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यरवदा पुलिस स्टेशन के दो अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। 18-19 मई की रात जब कल्याणी नगर में यह हादसा हुआ था, तब इंस्पेक्टर जगदाले और ASI टोडकरी मौके पर पहुंचे थे। हालांकि, दोनों ने घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को नहीं दी थी। वे आरोपी को घटनास्थल से मेडिकल जांच के लिए भी नहीं ले गए थे।

# मैजिक एप से बुलाकर 7 छात्राओं से रेप

- सीधी में लेडी टीचर की आवाज में कॉल करते थे
- चार छात्राओं ने कराई एफआईआर



**सीधी.** सीधी में आवाज बदलने वाले मैजिक वॉइस एप के जरिये तीन आरोपियों ने 7 से अधिक कॉलेज छात्राओं को झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी एप से कॉलेज टीचर बनकर महिला की आवाज में बात करते और स्कॉलरशिप के लिए दस्तावेज मंगवाने के नाम पर सुनसान जगह बुलाते थे। शक न हो, इसके लिए उन्हें पहले ही बता देते कि उन्हें तय स्थान पर लेने के लिए एक लड़का बाइक से आएगा जो उन्हें टीचर के पास पहुंचा देगा। मामले की सभी पीड़िताएं एसटी वर्ग की हैं। आरोपी उन कॉलेज छात्राओं को निशाना बनाते थे, जहां स्कॉलरशिप मिलती है।

एक पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की तो जांच में खुलासा हुआ। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में दो और लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली। पुलिस अफसरों के मुताबिक अभी तक आरोपियों ने 7 छात्राओं से दुष्कर्म की बात कबूली है। 4 छात्राओं ने एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िताओं की संख्या और भी अधिक हो सकती है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### मुख्य आरोपी ने दो शादियां कर रखी हैं

पुलिस ने मुख्य आरोपी ब्रजेश प्रजापति (30) और उसके साथी राहुल प्रजापति और संदीप प्रजापति को पकड़ा है। ब्रजेश प्रजापति ने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी को उसने छोड़ दिया। दूसरी पत्नी से एक बच्ची है। आरोपी पेशे से मजदूर है, पर उसने यूट्यूब पर इस तरह के आवाज बदलने वाले एप की जानकारी ली और इसे अपने मोबाइल पर इंस्टॉल किया। इसके बाद से छात्राओं को निशाना बनाना शुरू किया।

### एक्सपर्ट व्यू... फोन काटकर खुद कॉल करें, ऐसी अनहोनी से बच जाएंगे

साइबर लॉ एक्सपर्ट यशदीप चतुर्वेदी कहते हैं, मैजिक वॉइस एप जैसे अन्य आवाज बदलने वाले एप से आने वाले कॉल्स के लिए सबसे बेहतर तरीका रिवर्स कॉल का है। वापस कॉल करने पर यहां फोन नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति किसी काम के लिए समय तय करता है तो प्रथम दृष्टया ये फ्रॉड हो सकता है। इसकी तस्दीक जरूर करें। एआई तकनीक के आने के बाद आवाज बदलने के साथ ही परिचितों, रिश्तेदारों की आवाज और उनके बात करने के तरीके को भी कॉपी किया जा सकता है।

### रंजना मैडम के नाम से कॉल... कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप से मिले मोबाइल नंबर

ब्रजेश और इसके दोस्तों ने सीधी जिले के एक सरकारी कॉलेज के वॉट्सएप ग्रुप से छात्राओं के फोन नंबर निकाले थे। इन पर रंजना मैडम बनकर कई बार कॉल कर उन्हें विश्वास में लेते थे। आरोपियों ने बताया कि ये सब तीन महीने से कर रहे थे। हालांकि, पुलिस को इसपर विश्वास नहीं है।

### आईजी बोले... बढ़ सकती हैं पीड़ित छात्राओं की संख्या

आईजी रीवा रेंज महेंद्र सिंह सिकरवार से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि अभी तक आरोपियों ने सात छात्राओं से रेप की बात कबूली है, पर ये संख्या अधिक भी हो सकती है। इसकी जांच की जा रही है। इस बारे में पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया गया है।

# CM सिद्धारमैया बोले- प्रज्वल को देवगौड़ा ने विदेश भेजा

- परिवार को रेवन्ना के देश छोड़ने की बात पता थी

कर्नाटक के CM सिद्धारमैया ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को पोते सांसद प्रज्वल रेवन्ना के देश छोड़ने की बात पता थी, क्योंकि सेक्स वीडियो और मारपीट के आरोप प्रज्वल से जुड़े हुए हैं। सिद्धारमैया ने कहा, "मुझे लगता है कि देवेगौड़ा ने ही प्रज्वल को देश से बाहर भेजा था। क्या प्रज्वल ने अपने परिवार की जानकारी के बिना देश छोड़ दिया? क्या वह बिना किसी को बताए चला गया?"

उन्होंने कहा कि सेक्स वीडियो वायरल होना मामले का महत्वपूर्ण पहलू नहीं है। सबसे बड़ा अपराध रेप है। इस बात को कमजोर करने के लिए कुमारस्वामी दूसरी बातें बोल रहे हैं। वे डिप्टी CM डी के शिवकुमार और दूसरे लोगों पर सेक्स वीडियो लीक करने का आरोप लगा रहे हैं। सिद्धारमैया ने कहा कि कुमारस्वामी को देश के कानून का सम्मान करना होगा। प्रज्वल रेवन्ना इस मामले में आरोपी व्यक्ति है। उसे अपराधी बताया गया है। केस चलने तक वो आरोपी व्यक्ति ही है।

### मैंने दो पत्रों में राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की

सिद्धारमैया ने कहा कि उन्हें अपने दो पत्रों पर PM मोदी से प्रतिक्रिया की उम्मीद है, जिसमें प्रज्वल रेवन्ना के 27 अप्रैल को पहले जर्मनी और उसके बाद शेंगेन वीजा पर यूरोप के अन्य हिस्सों में जाने के लिए इस्तेमाल किए गए राजनयिक पासपोर्ट को रद्द करने की मांग की गई है।

उन्होंने कहा कि मुझे पहले पत्र के लिए PM से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। चुनी हुई सरकार का मुख्यमंत्री जब पत्र लिखता है तो यह विश्वास होता है कि उसका उत्तर अवश्य मिलेगा। मैंने दो पत्रों में राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की है।

### नैनीताल रूट पर 29 मई से 5 जून तक ब्लॉक

**बरेली.** बरेली में आखिरकार रेलवे और नैनीताल रोड टोल एजेंसी का विवाद खत्म हो गया है। अब रेलवे ने अंडरपास निर्माण कार्य की गति को बढ़ा दिया है। रेल पटरी और सड़क के नीचे सीमेंटेड ब्लॉक और गर्डर रखने को बोर्ड से ब्लॉक भी मिल गया है। 29 मई से पांच जून तक अलग-अलग समय में ब्लॉक लेकर काम को पूरा किया जाएगा। दो साल से अंडरपास को लेकर विवाद चल रहा था।

# प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश


- आरोपी गिरफ्तार
- यात्रा से पहले भांग पी थी

**इंदौर.** इंदौर से हैदराबाद जा रहे प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश करने के आरोप में एक पैसेंजर को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एयरलाइन कर्मचारियों की गई शिकायत के आधार पर 29 साल के पैसेंजर को गिरफ्तार किया गया।

यह घटना 21 मई की है। पैसेंजर ने प्लेन के यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (RGIA) पर प्लेन के उतरने से कुछ मिनट पहले यह हरकत की थी। इसके पहले इस पैसेंजर ने एयरलाइन स्टाफ के साथ बहस भी की। फ्लाइट के RGIA एयरपोर्ट पर उतरने के बाद एयरलाइन ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पैसेंजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एयरपोर्ट थाने के पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी बीमार है और उसकी हेल्थ रिपोर्ट भी पेश की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए, उसे थाने से ही जमानत दे दी गई।

पुलिस ने कहा कि यहां गजुलारामाराम के चंद्रगिरिनगर का रहने वाला पैसेंजर अपने दोस्त के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन गया था और इंदौर से हैदराबाद के लिए प्लेन में सवार हुआ था। एयरलाइन स्टाफ और प्लेन में सवार कुछ यात्रियों ने उसकी अजीब हरकत को देखते हुए उसे दरवाजा खोलने से रोका भी था।

# सिंधु मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचीं



ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ब्रेक के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। सिंधु ने शनिवार को कुआलालंपुर में विमेंस सिंगल्स में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज की। सिंधु ने एक्सियाटा एरिना में 88 मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। यह बुसानन पर उनकी 18वीं जीत है। बुसानन ने अपने करियर में केवल एक बार 2019 हांगकांग ओपन में सिंधु को हराया था।

### क्वार्टर फाइनल में चीन की हान यू को शिकस्त दिया

टूर्नामेंट की पांचवीं सीड सिंधु ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था। वहीं पिछले साल स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थीं। सिंधु ने शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में चीन की हान यू को 21-13, 14-21 और 21-12 से हराया।

### प्री-क्वार्टर फाइनल यू जिन सिम को हराया

इससे पहले सिंधु ने प्री क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड रैंकिंग में 34वें नंबर पर काबिज खिलाड़ी कोरिया की यू जिन सिम को 59 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 12-21, 21-14 से हराकर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया था। वहीं बुधवार को बुधवार को कुआलालंपुर में टूर्नामेंट के खेले गए पहले राउंड में स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराया। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से मात दी।

# बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट का CCTV वीडियो

- बेमेतरा में धमाके से थर्राई धरती
- कई मीटर ऊंचा उठा गुबार
- मलबे में कई लोग दबे



- फैक्ट्री का पूरा एरिया- करीब 40 एकड़
- करीब 50-50 हजार स्क्वेयर फीट में 3 सेटअप लगे थे
- इसमें से एक सेटअप में ब्लास्ट हुआ
- फैक्ट्री के मालिक का नाम- संजय चौधरी
- 28-30 साल से चल रही थी फैक्ट्री

बेमेतरा. छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को एक बारूद फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ। इसका CCTV वीडियो भी सामने आया है जिसमें गुबार कई मीटर ऊपर तक दिख रहा है। ब्लास्ट से आसपास की बिल्डिंग तक हिल गई। इसके बाद दहशत में कुछ लोग भागते दिखे। जहां ब्लास्ट हुआ वहां 15-20 फीट का गड्ढा हो गया।

घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। सुबह करीब 8 बजे ब्लास्ट हुआ इसके बाद आसपास काम कर रहे मजदूरों को तुरंत निकाला गया। इनमें से 7 घायलों को रायपुर लाया गया था जिसमें से एक ने दम तोड़ दिया है। वहीं अब मलबे को हटाने का काम चल रहा है। इस दौरान कई बॉडी पाट्र्स भी दिख रहे हैं।

### 4 टंकियों में एक्सप्लोसिव लिक्विड

3 सेटअप के आसपास एक्सप्लोसिव लिक्विड भरे 4 टैंक थे। इसमें से एक टंकी ब्लास्ट में जमींदोज हो गई है। नष्ट हुई टंकी से लिक्विड ब्लास्ट हो रहा है जिसे ठंडा करने की कोशिश लगातार जारी है। बाकी 2 सेटअप और आसपास की 3 टंकियां अभी सुरक्षित है।

यहां काम कर रहे मजदूरों को रेस्क्यू कर लिया गया है। लेकिन जिस सेटअप में ब्लास्ट हुआ वहां मलबे में दबे मजदूरों का रेस्क्यू किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि, करीब 7.45 बजे किसी मशीन में आग लगी जिसके बाद यह ब्लास्ट हुआ। यहां 8-10 मजदूर मौके पर थे। फैक्ट्री में 800 से ज्यादा लोग काम करते हैं।

# लखनऊ में रिटायर्ड IAS की दूसरी पत्नी की हत्या

- बाथरूम के चेंजिंग रूम में मिला शव
- CCTV में 2 संदिग्ध दिखे, नजदीकी पर शक

**लखनऊ.** लखनऊ में रिटायर्ड IAS देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे (58) की शनिवार सुबह हत्या कर दी गई। घर में लूटपाट भी की गई। शव बाथरूम के बगल में बने चेंजिंग रूम में मिला। वारदात के वक्त देवेंद्र नाथ दुबे घर में नहीं थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह रोज सुबह गोल्फ खेलने जाते थे। आज कहीं और गए थे। लौटे तो घर का दरवाजा खुला था। अंदर अलमारी का सामान बिखरा था। उन्होंने पत्नी को आवाज दी, मगर रिस्पॉन्स नहीं मिला। बाथरूम के पास पहुंचे तो चेंजिंग रूम में पत्नी का शव पड़ा था। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। ACP गाजीपुर विकास जायसवाल ने कहा, पुलिस हत्या की जांच कर रही है। मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर सेक्टर-20 का है।

मोहिनी, देवेंद्र दुबे (71) की दूसरी पत्नी थीं। वह 2009 में रिटायर हुए थे, 2007 में दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से उनको दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। प्रांजल लखनऊ में कहीं और रहते हैं, प्रतीक गाजियाबाद में नौकरी करते हैं।

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घर के अंदर जांच की। शुरुआती जांच के मुताबिक, किचन की गैस खुली थी। वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे यानी 45 मिनट में की गई। एक पुलिसकर्मी ने बताया, देवेंद्र नाथ दुबे फर्स्ट फ्लोर पर रहते हैं। शव भी फर्स्ट फ्लोर पर बाथरूम के बगल में बने चेंजिंग रूम में मिला। वारदात के वक्त घर पर कौन-कौन था, यह साफ नहीं हो पाया। पुलिस को शक है, परिवार के किसी नजदीकी ने ही हत्या की है।

उनके घर के बाहर 2 CCTV लगे थे। JCP क्राइम आकाश कुलहरि ने बताया कि उन CCTV का DVR (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) नहीं मिला। बदमाश हत्या करने के के बाद DVR भी ले गए। इसमें CCTV की रिकॉर्डिंग स्टोर होती है।


## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती प्रिया ओमप्रकाश भाटिया सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री ओमप्रकाश पी. भाटिया का देहांत 3 मार्च 2024 को हो गया है. उनके नाम पर मारुति रिट्ज कार नं. एमएच03 सीबी 3646 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त कार पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं।

सही/-

**श्रीमती प्रिया ओमप्रकाश भाटिया**

## आम सूचना

मैं श्री शिव अंबू हरलैय्या सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 114, पाईप लाईन के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 06एओ014565400) उक्त प्रॉपर्टी श्री गजानंद मधुकर वाकोडे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.5.2024 सी.नं. 2266/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री शिव अंबू हरलैय्या**

## आम सूचना

मैं श्री बाबु अकबर शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, एमआयडीसी पानी टंकी के पास, धोबीघाट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ017440500) उक्त प्रॉपर्टी श्री मदनसिंग मोहनसिंग राजपुत (शेखावत) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.5.2024 सी.नं. 2262/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री बाबु अकबर शेख**

## संक्षेप...

### बिल्डिंग की पार्किंग से बाइक चोरी

**भिवंडी.** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी तनवीर रशीद चौधरी (20) प्रथमेश अपार्टमेंट, कशेली, भिवंडी में रहते हैं. तनवीर ने अपनी हीरो कंपनी की स्प्लेंडर मोटर साइकिल अपनी बिल्डिंग की पार्किंग में ही हैंडल लॉक करके खड़ी की थी. 15 मई से 23 मई के दरम्यान किसी ने उक्त बाइक चोरी कर ली, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए है. बाइक का नंबर एमएच 15 एफके 6591 है. पुलिस हवलदार पाटिल को जांच की जिम्मेदारी दी गई है.

# अंग्रेजी की अनिवार्यता खत्म

■ महाराष्ट्र SCERT ने 11वीं-12वीं के लिए विदेशी भाषा माना



**मुंबई.** लंबे समय से अंग्रेजी भाषा को जरूरी भाषा माना जाता रहा है. पेरेंट्स भी अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाना पसंद करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र सरकार के राज्य शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT) द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट करिकुलम में गई सिफारिशों में स्कूली पढ़ाई में अंग्रेजी भाषा को अनिवार्य नहीं माना गया है. इसे केवल विदेशी भाषा मानकर चुनने और न चुनने का विकल्प देने की तैयारी है.

राज्य शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (SCERT) द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट करिकुलम में गई सिफारिशों में के अनुसार, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए अंग्रेजी को विदेशी भाषा माना गया है और अब यह अनिवार्य विषय नहीं होगी. हालांकि मौजूदा पाठ्यक्रम में, इन दोनों कक्षाओं के लिए अंग्रेजी अभी एक अनिवार्य विषय है.

एससीईआरटी ने स्टेकहोल्डर्स से 3 जून तक सुझाव भी मांगे हैं. न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र एससीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट करिकुलम के अनुसार, 11वीं और 12वीं कक्षा के लिए आठ विषय होंगे. इनमें दो भाषाएं, चार वैकल्पिक विषय और दो अनिवार्य विषय शामिल हैं. दो भाषाओं में से एक का चयन मराठी, संस्कृत, हिंदी, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, तमिल, मलयालम, सिंधी, बांग्ला, पंजाबी, पाली, तेलुगू, अर्धमागधी, महाराष्ट्री प्राकृत, अवेस्ता-पहलवी सहित 17 भारतीय भाषाओं के समूह से किया जाना है.

ड्राफ्ट में अंग्रेजी को जर्मन, फ्रेंच, रूसी, जापानी, स्पेनिश, चीनी, फारसी और अरबी के साथ विदेशी भाषाओं की कैटेगरी में शामिल किया गया है. दूसरी भाषा पहले या दूसरे ग्रुप में से कोई भी हो सकती है. इस प्रकार, अब अंग्रेजी अनिवार्य भाषा नहीं होगी. SCERT के ड्राफ्ट करिकुलम में जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलावों पर विशेष ध्यान देने के साथ अंतःविषय क्षेत्रों में शिक्षा की भी बात की गई है.

# मुंबई में 10-11 जून तक मानसून की दस्तक



■ दक्षिण पश्चिम मानसून 31 मई तक केरल पहुंचेगा

**मुंबई.** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के मुताबिक मुंबई में 10 से 11 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है. आईएमडी के वैज्ञानिकों द्वारा केरल में मानसून के बाद की घटनाओं का अध्ययन किया जाएगा. आईएमडी ने जानकारी दी थी कि कि बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई 2024 तक मानसून का आगमन हो जाएगा.

मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के पूर्वानुमान के मुताबिक, भले ही मानसून अंडमान में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन मुंबई में मानसून के आगमन के लिए 10-11 न तक इंतजार करना होगा.

आईएमडीग के मुंबई डिवीजन के निदेशक सुनील कांबले ने एक अंग्रेजी अखबार से बात करते हुए कहा कि मानसून अंडमान में प्रवेश कर चुका है. 31 मई तक मानसून केरल पहुंच जाएगा. उन्होंने कहा, इसके बाद हमें मुंबई पहुंचने के लिए 10 से 11 जून तक इंतजार करना होगा. उन्होंने यह भी कहा कि इसमें तीन से चार दिन का अंतर हो सकता है.

### चक्रवात से प्रभावित हुआ था पिछले साल मानसून

केरल में मानसून की बारिश के आगमन के बाद, मौसम की स्थिति की समीक्षा के बाद मुंबई में आगमन की सही तारीख की घोषणा की जाएगीय 2023 में मानसून देर से आया. मानसून लगभग दो सप्ताह देरी से आया. चक्रवात बिपरजॉय ने मानसून के आगमन को प्रभावित किया था.

### इन हिस्सों में शुरू हो गई प्री–मानसून की बारिश

हालांकि मुंबई में मानसून का आगमन जून के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है, लेकिन मौसम विशेषज्ञों ने भविष्यवाणी की है कि मुंबई सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश हो सकती है. आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक इस साल मानसून के दौरान बारिश सामान्य होगी. इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में प्री-मानसून के दौरान जोरदार बारिश हुई है. सतारा, सिंधुदुर्ग और अहमदनगर जिलों सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्री-मानसून की बारिश हुई है.


लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद

# 4 जून को शराब बिक्री की अनुमति

■ हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने चार जून के बाद मुंबई में शराब की बिक्री की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति एनआर बोरकर और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेसन की अवकाश पीठ ने शुक्रवार को कहा कि होटल, रेस्तरां, बार और परमिट रूम में शराब की बिक्री पर शहर कलेक्टर के लगाए गए प्रतिबंध मुंबई शहर में चुनाव के नतीजे घोषित होने पर प्रभावी नहीं होगा।

अतिरिक्त सरकारी वकील ज्योति चव्हाण ने पीठ को सूचित किया कि मुंबई जिला उपनगरीय के कलेक्टर ने पहले ही एक पत्र जारी कर 4 जून को ड्राइ डे घोषित करने वाली पिछली अधिसूचना को संशोधित कर दिया है। हालांकि, मुंबई शहर कलेक्टर की ओर से ऐसा कोई संशोधन जारी नहीं किया गया था। इसके बाद पीठ ने चुटकी लेते हुए कहा कि शहर के उपनगरों में लोग परिणाम घोषित होने के बाद शराब पी सकते हैं, लेकिन



शहर के लोग ऐसा नहीं कर सकते।

इस पर उच्च न्यायालय ने कहा, आइए इस पर काम करें। कुछ तो समानता होनी चाहिए। अदालत इंडियन होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन (एएचएआर) की दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसमें मुंबई शहर और मुंबई जिला उपनगर के कलेक्टरों की ओर से 4 जून को पूरे दिन ड्राई डे घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। याचिकाओं में कहा गया है कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद शराब की बिक्री की अनुमति दी जानी चाहिए।

### अस्पताल के परिसर में घुसी तेज रफ्तार कार

■ चपेट में आकर एक महिला की मौत

■ जांच जारी

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुंबई के एक नागरिक अस्पताल में एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक वरिष्ठ महिला की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना लोकमान्य तिलक म्युनिसिपल अस्पताल में शुक्रवार को घटी। बता दें कि इसे सायन अस्पताल भी कहा जाता है। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई, लेकिन पुलिस अभी भी मामला दर्ज करने से पहले अस्पताल के बयान का इंतजार कर रही है। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सभी जानकारी एकत्रित कर ली है। फिलहाल इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# IPL का सट्टा लगाते 2 गिरफ्तार

■ सोसाइटी में चल रहा था सट्टा

**भिवंडी.** भिवंडी क्राइम ब्रांच पुलिस ने छापा मारकर आईपीएल क्रिकेट में सट्टा लगाकर अवैध रूप से लाभ कमाते हुए 2 लोगों को हिरासत में लिया है. सटोरियों से पुलिस ने 28,540 रुपये कीमत के मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है.निजामपुरा पुलिस ने शफी सलीम शेख और शहाबुद्दीन जैनुद्दीन अंसारी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है, दोनों आरोपी मिलकर अवैध रूप से क्रिकेट का सट्टा जुआर संचालित कर रहे थे.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भिवंडी क्राइम ब्रांच युनिट -2 के पुलिस अधिकारियों को गुप्त जानकारी मिली कि भिवंडी के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित आर.आर.कॉम्प्लेक्स, डी विंग के तल मंजिल पर स्थित एक दुकान के गाले में रॉयल चैलेंजर बैंगलोर व राजस्थान रॉयल के बीच हो रहे आईपीएल 20-20



क्रिकेट मैच में सट्टा व जुआर चलाया जा रहा है. दुकान में पुलिस ने दबिश देकर शफी सलीम शेख (32) और शहाबुद्दीन जैनुद्दीन अंसारी (39) को रंगेहाथ सट्टा जुआ खिलाते हुए गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से नकदी और मोबाइल फोन बरामद किया है. मोबाइल फोन में लाखों रुपये का सट्टा का हिसाब भी मिला है. आरोपियों के खिलाफ निजामपुर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420,34 सहित जुगार प्रतिबंधित अधिनियम कलम 4,5 और भारतीय तार अधिनियम कलम 25 के तहत केस दर्ज कर लिया है. आगे की जांच अपराध शाखा भिवंडी युनिट-2 के सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार कर रहे है.

### भिवंडी में आभूषण व नकदी चोरी



**भिवंडी.** निजामपुर पुलिस स्टेशन की हद में अज्ञात चोरों ने एक घर में रात्रि में घुसकर सवा लाख के आभूषण व नकदी चोरी कर लेने की घटना को अंजाम दिया है. पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है.

पुलिस के अनुसार, काटई गांव के बौद्ध वाड़ा स्थित चाली में रहने वाले प्रदीप आत्माराम जाधव के मकान में अज्ञात चोर ने रात 12 बजे के आसपास प्रवेश किया और लोहे की आलमारी में रखे 1,38,680 रुपये कीमत के आभूषण व नकदी चोरी कर फरार हो गया. पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है. जिसकी आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक गिते कर रहे हैं.

# ठाणे मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सघन स्वच्छता अभियान

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने कलवा का किया दौरा

**ठाणे.** मनपा का स्वच्छता के क्षेत्र में उत्तम दर्जा प्राप्त करने के लिए इस मुहिम में शहर के नागरिकों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से अभियान तेज गति से चल रहा है।कलवा में 90 फिट रोड पर चल रहे सर्वकष स्वच्छता अभियान का दौरा कर मनपा आयुक्त सौरभ राव ने लिया जायजा।साथ ही उन्होंने ने खारेगाव में तालाब के स्थिति को देखा और वहां उपस्थित नागरिकों से शौचालय,स्वच्छता पर चर्चा किया। इस अवसर पर



अतिरीक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त मनीष जोशी, सहायक आयुक्त सचिन बोरसे,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे, उपनगर अभियंता गुणवंत झांबरे सहित अधिकारी व कर्मचारी इस मुहिम में भाग लिया।इस मुहिम को सुचारू रूप से चलने के लिए मनपा के हर प्रभागसमिति के सहायक आयुक्त को जवाबदारी थी।इसके अलावा सभी यंत्रणा को के लिए आयुक्त के निर्देशानुसार हर प्रभागसमिति में एक उपायुक्त को नियुक्त किया गया है।जिसमें वागले इस्टेट में अनघा कदम, वर्तकनगर में वर्षा दीक्षित, कोपरी-नौपाडा में शंकर पाटोले, माजिवडा-मानपाडा में दिनेश तायडे, कलवा में उमेश बिरारी, उथलसर में जी. जी. गोदेपूरे, लोकमान्य - सावरकर नगर में महादेव रोडगे,मुंब्रा में मनीष जोशी और दिवा में सचिन पवार को नियुक्त किया गया है।मनपा आयुक्त राव ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि 90 फिट रोड के अतिक्रमण हटाने व सुशोभीकरण के लिए आश्वासन दिया और अभियंता को तत्काल करवाने के लिए कहा।

# मुंब्रा खाड़ी में मिला शव

**ठाणे.** मुंब्रा खाड़ी में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है. इसकी पहचान नहीं हो पाई है. इसकी उम्र 40 से 45 साल आंकी गई है. रेतीबंदर खाड़ी में आत्माराम विसर्जन घाट के समीप एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिलते ही मनपा आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी, अग्निशमन दल के जवान मौके पर पहुंच गए. अग्निशमन दल ने मच्छीमार की मदद से शव को बाहर निकाल कर मुंब्रा पुलिस को सौंप दिया गया. इसके बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करके शव को पोस्टमार्टम हेतु कलवा छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल भेज दिया. खाड़ी में शव बहते हुए आते हैं, लेकिन साक्ष्य न मिलने से पहचान नहीं हो पाती है.

# पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने एक युवक को अनिल काम्प्लेक्स, ताज होटल के पास, गैबीनगर से एक पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है.

मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर पुलिस ने अनिल काम्प्लेक्स, ताज होटल के पास, गैबीनगर से 24 वर्षीय युवक तंजीम इस्माइल शेख को हिरासत में लिया. उसके पास से पुलिस को एक देशी बनावट की पिस्तौल, 2 जिंदा कारतूस व मोबाइल जब्त किया है. जिसकी कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है. सहायक पुलिस उप निरीक्षक राजेंद्र निकम की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ भारतीय हथियार कायदा कलम 3 (25) समेत महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 37 (1) 135 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# तड़ीपार आरोपी गिरफ्तार

**भिवंडी.** निजामपुरा पुलिस ने एक आरोपी को कसाईवाड़ा, कुरेशी नगर से 24 मई की रात को गिरफ्तार किया है, जिसे पुलिस उप आयुक्त परिमंडल-2 के आदेशानुसार एक साल के लिए तड़ीपार किया गया था.

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कलीम सलीम कुरेशी (34) को पुलिस उप आयुक्त परिमंडल-2 के आदेशानुसार 20 फरवरी 2024 को एक साल के लिए ठाणे, मुंबई, मुंबई उपनगर, पालघर जिले से महाराष्ट्र पुलिस कायदा 1951 की धारा 55 के तहत 1 साल के लिए तड़ीपार किया गया था. लेकिन उक्त आरोपी



तड़ीपारी आदेश का उल्लंघन करते हुए भिवंडी में रह रहा था. निजामपुरा पुलिस ने आरोपी कलीम को कसाईवाड़ा, कुरेशी नगर से 24 मई की रात 11.30 बजे के करीब गिरफ्तार किया है. पुलिस नाईक धोत्रे मामले की अधिक जांच कर रहे हैं.


### आम सूचना

मैं श्री दिपक घनश्याम माखिजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 376, रुम नं. 4 (टियर गार्डीयर), उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 08एआय019027600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निता परमानंद तलरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.5.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री दिपक घनश्याम माखिजा


# कांस में अनासुया सेनगुप्ता को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड



■ अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनीं

■ फिल्म 'द शेमलेस' के लिए मिला सम्मान

77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनासुया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। अनासुया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वो कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है।

### दो सेक्स वर्कर्स के इर्द–गिर्द बुनी गई है कहानी

'द शेमलेस' का निर्देशन बुल्गारियन फिल्ममेकर कॉन्स्टेंटिन बोजानोव ने किया है। इसकी कहानी दो सेक्स वर्कर्स के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जिनमें से एक के हाथों एक पुलिस वाले का खून हो जाता है। इस फिल्म में अनासुया के अलावा एक्ट्रेस ओमारा शेट्टी भी अहम रोल में नजर आ रही हैं।

'द शेमलेस' में अपनी दमदार अदायगी के लिए अनसूया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस के लिए यून सर्टेन रिगार्ड प्राइज जीता है. फिल्म का निर्देशन और लेखन बुल्गेरियन फिल्मकार कोंसतान्तिन बोजानोव ने किया है. फिल्म की कहानी रेणुका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो एक पुलिस ऑफिसर को मारने के बाद दिल्ली के वेश्यालय से भाग जाती है. फिल्म में ओमारा शेट्टी भी हैं, जिससे रेणुका को लगाव है.

अनसूया सेनगुप्ता ने कहा था, 'मुझे इसकी खबर तब लगी, जब डायरेक्टर ने उस प्रेस कॉन्फ्रेंस का लिंक भेजा, जहां कान्स के 'ऑफिशियल सेलेक्शन' की अनाउंसमेंट हुई थी. जब हमारी फिल्म के नाम का ऐलान हुआ, तो मैं खुशी के मारे कुर्सी से उछल पड़ी.' एक्ट्रेस कोलकाता की रहने वाली हैं.

साईं कालीराम साहिबजी के सानिध्य में

# वर्सी महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन

**उल्हासनगर.** कैंप-5 स्थित साई वसणशाह दरबार की तीसरी पातशाही सतगुरू साई अमरदास साहिबजी के 85वें वर्सी महोत्सव व दरवेश बाबा साई परमानंद साहिबजी के तृतीय वर्सी महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 26 मई से आगामी 2 जून तक दरबार साहिब में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

बता दे तक उक्त सभी धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए दरबार साहिब के गादीनशीन साईं कालीरामजी साहिब ने बताया कि रविवार 26 मई दोपहर को 3.30 बजे दरबार साहिब से कलश





यात्रा निकाली जाएगी। वहीं 26 मई से 1 जून तक रोजाना शाम को 5 बजे से रात को 9 बजे तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें इन्द्रेश उपाध्यायजी द्वारा अपने मुखवंदन से श्रीकृष्ण भगवान की अलग-अलग लीलाओं के बारे में कथावाचन करके श्रद्धालूओं को मंत्रमुग्ध व कृतज्ञ किया जाएगा।

वहीं श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद रोजाना रात को 9.30 बजे से दरबार साहिब में आर्तियाँ होगी और रात को 10 बजे से भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। उसके अलावा साई कालीरामजी ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरू साई अमरदासजी साहिब व दरवेश सतगुरू साई परमानंदजी साहिब के वर्सी महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरूवार 30 मई दोपहर को 2 बजे श्री गुरू ग्रंथ अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ होगा और शनिवार 1 जून दोपहर को 2 बजे भोग साहिब होगा। जिसके बाद ब्रम्ह भोज व आम भंडारे की भी व्यवस्था की गई है।

# चालान काटने को तैयार हैं हम, हेलमेट पहन लीजिए...

■ आलमजेब के डायलॉग अब मुंबई ट्रैफिक पुलिस कर रही है इस्तेमाल

**मुंबई.** इंडियन सिनेमा में अपनी ग्रैंड और विजुअल स्टनिंग फिल्मों के लिए जाने जानें वाले संजय लीला भंसाली ने अपनी लेटेस्ट मास्टरपीस, वेब सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' ने एक बार फिर ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है. आजादी से पहले के भारत के समय में सेट यह एम्बीशियस प्रोजेक्ट सिर्फ एक सीरीज से कहीं ज़्यादा है. यह एक पुराने जमाने के कल्चर और इमोशन वाले इतिहास के जरिए दर्शकों को एक शानदार सफर पर लेकर जाता है. क्रिटिक्स और दर्शकों के साथ साथ दुनिया भर के लोग 'हीरामंडी' की शानदार विजुअल्स, जबरदस्त कहानी और दमदार एक्टिंग के लिए तारीफ कर रहे हैं.



क्रिटिक्स का कहना है कि संजय लीला भंसाली ने 'हीरामंडी' में प्रामाणिकता और भव्यता के साथ एक युग को फिर से बनाने का शानदार काम किया गया है. उन्हें लगता है कि यह उनकी दूसरी फिल्मों जैसे ₹पद्मावत₹ और ₹बाजीराव मस्तानी₹ की तरह ही प्रभावशाली है. जब पूरी दुनिया हीरामंडी की बात कर रही है तो मुंबई पुलिस क्यों पीछे रहे. मुंबई पुलिस अपने सेफ्टी कैंपेन में ₹हीरामंडी₹ का इस्तेमाल कर रही है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, 'आजादी शौक नहीं है नवाब साहब, नियम कभी ना तोड़ने की जंग है.' जैसे कि हर जगह के लोग 'हीरामंडीः द डायमंड बाज़ार' को पसंद कर रहे हैं इससे यह साफ है कि भंसाली का नया काम एक मास्टरपीस है जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा.


उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099